Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to contine Special Central Assistance to Naxal-affected Aurangabad district in Karakat Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री महाबली सिंह (काराकाट) : माननीय सभापति महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र काराकाट के अंतर्गत औरंगाबाद जिला नक्सल प्रभावित क्षेत्र है । विशेष केन्द्रीय सहायता हर नक्सल प्रभावित जिले को देने का प्रावधान केन्द्र सरकार का है । अभी भी औरंगाबाद जिले में नक्सल मूवमेंट जारी है, लेकिन केन्द्र सरकार जिन नक्सल प्रभावित जिलों को विशेष केन्द्रीय सहायता देती थी, उसमें औरंगाबाद जिले को यह कहते हुए कि औरंगाबाद नक्सल मुक्त क्षेत्र हो गया है, इसलिए विशेष केन्द्रीय सहायता देना बंद कर दिया है ।

सभापति महोदय, मैं बताना चाहता हूं कि वहां आज भी नक्सल गतिविधियां जारी हैं । विगत 23 नवंबर, 2021 को औरंगाबाद जिले के मदनपुर थाने में कम से कम 50-60 की तादाद में नक्सली जाकर …(व्यवधान)

माननीय सभापति : धन्यवाद । अब श्री एस. एस. अहलुवालिया जी ।

श्री महाबली सिंह : सभापति जी, हम आसन से आग्रह करना चाहते हैं कि मेरा लिस्टेड नाम है । मुझे कम से कम एक मिनट बोलने का समय दीजिए । आपने मुझे केवल दस सैकेंड बोलने का मौका दिया है ।

महोदय, मैं कह रहा हूं कि औरंगाबाद जिला नक्सल प्रभावित जिला है और नक्सल प्रभावित जिले को विशेष केंद्रीय सहायता मिलती थी । 23 नवम्बर को 50-60 की तादाद में नक्सलियों ने मदनपुर थाने में पंचायत भवन को उड़ा दिया । वहां जियो टॉवर लगा था, उसे उड़ा दिया । गया में चार लोगों की हत्या हुई और केंद्र सरकार कहती है कि यह नक्सल प्रभावित जिला नहीं है । मैं सरकार से आग्रह करना चाहते हैं कि जब तक औरंगाबाद जिला पूरी तरह से नक्सल मुक्त न हो जाए, तब तक विशेष केंद्रीय सहायता औरंगाबाद को दी जाए ।

... (व्यवधान)